# कार्यालय– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : वि.प.–रा.सु.रा.आ.आ.वि. / प्र0प0 2021 / 12 / 2020–21 दिनांक 05 फरवरी 2021।

## :: विज्ञप्ति ::

निदेशक, समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड के पत्र संख्या : 2621 / निदे0स0क0 / संस्था / 2020–21 दिनांक 04 जनवरी 2021 के क्रम में जारी प्राचार्य रा0सु0रा0आ0आ0वि0 मक्खनपुर, भगवानपुर के पत्र संख्या : C -362 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0 / प्रवेश परीक्षा 2021–22 दिनांक 05 जनवरी 2021 एवं पत्रांक – 386–89, दिनांक 19 जनवरी 2021 के क्रम में राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) जनपद हरिद्वार के सत्र 2020–21 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश हेतु उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक अनिवार्य आवासीय व्यवस्था के साथ–साथ निःशुल्क उच्च स्तरीय स्कूली सहशिक्षा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के 15 छात्र एवं 15 छात्राओं को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित किया जाना है।

- **प्रवेश हेतु पात्रता :–**
  1. राज्य के सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालयों से वर्ष 2020–21 में कक्षा 05 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राएं इस प्रवेश परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होंगे।
  2. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी शैक्षिक विवरण का सत्यापन एवं फोटो का सत्यापन अपने उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका से करायेंगे जहाँ से वे वर्ष 2020–21 में कक्षा 5 में अध्ययनरत है।
  3. अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 20210 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए, अर्थात आवेदक का जन्म 01 जुलाई 2009 से 30 जून 2011 के मध्य होना चाहिए। दोनों तिथियां भी सम्मिलित हैं। अभ्यर्थी के अध्ययनरत विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि मान्य होगी।
  4. चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह कक्षा 5 उत्तीर्ण सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र यथा जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र, काउंसिलिंग के समय राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) के प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा, अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जायेगा।

- **आवेदन पत्र :** आवेदन–पत्र मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी / उप शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

- **परीक्षा केन्द्र :** परीक्षा में सम्मलित होने हेतु अभ्यर्थी को वरीयता क्रम में चार परीक्षा शहरों / स्थानों के नाम अंकित करने होंगे। यथा संभव प्रथम वरीयता वाले परीक्षा शहर / स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा। किन्तु प्रथम परीक्षा शहर / स्थान हेतु परीक्षार्थियों की संख्या 20 से कम होने पर दूसरे या तीसरे परीक्षा शहर / स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है। जनपद हेतु प्रस्तावित परीक्षा शहरों में निर्धारित संख्या से कम आवेदक होने पर जनपद मुख्यालय अथवा जनपद में निर्धारित संख्या से कम परीक्षार्थी होने पर निकटतम जनपद में बने परीक्षा शहर को भी परीक्षा केन्द्र के रूप में आवंटित किया जा सकता है। परीक्षा निम्नवत् स्थानों पर आयोजित की जानी प्रस्तावित है–

हरिद्वार, लक्सर, रुड़की, भगवानपुर, देहरादून, डाकपत्थर, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, पुरोला, नई टिहरी, घनशाली, पौड़ी, श्रीनगर, स्यूंसी, लैंसडाउन, कोटद्वार, नौगांवखाल, थराली, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, पिथौरागढ, बेरीनाग, धारचूला, डीडीहाट, चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर, अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैंण, बागेश्वर, गरुड़, भीमताल, हल्द्वानी, रामनगर, रुद्रपुर, खटीमा, एवं काशीपुर।

- **परीक्षा तिथि :** प्रवेश परीक्षा अप्रैल 2021 अंतिम सप्ताह में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **प्रवेश–पत्र डाक द्वारा अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस हेतु अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र के साथ एक स्वपता लिखा लिफाफा भी संलग्न करें इसमें अपना** पता (पिन कोड सहित) सही प्रकार से अंकित करें।

- **आवेदन की अंतिम तिथि : दिनांक 06 मार्च 2021 को सायं 5 बजे** तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र ***"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर (नैनीताल) पिन – 244715"*** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जाने चाहिए। लिफाफे के बाहर **"राजकीय सु0रा0आ0आ0 विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) प्रवेश परीक्षा 2021 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा जाय। **अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।** प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं0 05947–254275 पर सम्पर्क कर सकते है।

- **परीक्षा योजना :–** प्रवेश परीक्षा की अवधि 2 घण्टे होगी, प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड निम्नवत् होंगे :–

| खण्ड | विषय वस्तु/खण्ड | प्रश्न/अंकों का विवरण |
|---|---|---|
| (क) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 40 |
| (ख) | गणित परीक्षा | 30 |
| (ग) | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 30 |
| **कुल प्रश्न/अंक** | | **100** |

प्रश्न–पत्र में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। खण्ड : (ग) भाषा (हिन्दी) को छोड़ अन्य भाग हिन्दी एवं अंग्रजी में होंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प अंकित होंगे, सही विकल्प पर काली अथवा नीली बॉल प्वाइन्ट पैन से गोला (ROUND) लगायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 (एक) अंक का होगा, प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने/देने पर 01 (एक) अंक प्रदान किया जायेगा। एक से अधिक विकल्प पर गोला (ROUND) करने अथवा प्रश्न का उत्तर अंकित न करने पर कोई अंक देय नहीं होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

**(डॉ0 नीता तिवारी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।